Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

>

Title : Need to conduct a CBI inquiry into alleged irregularities in Coal India Limited.

14.25 hrs

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) महोदय, कोल इण्डिया लिमिटेड के विभिन्न अनुांगी इकाइयों में अनियमितता व्याप्त है। कोयला उत्पादन/ट्रांसपोर्टिंग करने के लिए टेंडरों में भी अनियमितताएं बतायी जा रही हैं। ऐसा संदेह है कि इसमें करोड़ों की हेराफेरी प्रतिदिन हो रही है। ठेकेदारों द्वारा कोयले का उत्पादन/ट्रांसपोर्टिंग बिल्कुल गैर कानूनी और कोल माइन्स नेशनेलाइजेशन एक्ट के विरूद्ध है।

ई-ऑक्शन के द्वारा कोयले की बिक्री में भी अनियमितताएं व्याप्त हैं। रेलवे वैगन से जाने वाले जिस कोयले का मूल्य इ-ऑक्शन के द्वारा 1200 रूपये प्रति टन है, इसी ग्रेड एवं क्वालिटी के कोयले को ट्रक से लेने वाले व्यापारियों को 3800 रूपये प्रति टन के मूल्य से बेचा जा रहा है, जिससे अरबों रूपये की क्षति हो रही है। अधिकारियों द्वारा करीब 40 कोल ब्लॉक आबंटित किया गया है, जिसमें अधिकांश कारखाना चलाने वाले उद्यमियों को नहीं देकर कोयला उत्पादित कर काला बाजार में बेचने वालों को दिया गया है, जिसमें करोड़ों का सौदा हुआ है। लिंकेज कोयला आबंटन में भी हजारों बोगस कारखाना के नाम पर लिंकेज कोयला दिया जा रहा है और जो कारखाना वास्तव में चल रहा है उसे कोयला नहीं दिया जा रहा है, जिससे उद्योग बंद हो रहे हैं और लाखों लोग बेकार हो रहे हैं।

आपके माध्यम से कोयला मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि क्या वे उक्त मदों से संबंधित कोल मंत्रालय तथा कोल इण्डिया एवं उसके अनुाांगी इकाइयों के कार्यो की जांच सी.बी.आइ से कराकर लाखों लोगों को बेरोजगार होने से बचाने तथा दोाी अधिकारियों को दंडित करने की दिशा में अविलम्ब कार्यवाही की जाये।